विरोध — समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्र दूर होने के विरोध में किसानों ने किया चकाजाम

# बैकफुट पर प्रशासन, खुलेगा नया केन्द्र

**नवभारत,रीठी।** जिले की रीठी तहसील के किसानों ने खरीदी केन्द्र की दूर होने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कटनी-दमोह मार्ग पर स्थित पटेहरा तिराहे में चक्काजाम कर दिया। किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन बैकफुट पर आ गया। जिसके बाद रीठी में नया खरीदी केन्द्र खोलने का अदेश जारी कर दिया गया है। जिले के रीठी तहसील क्षेत्र में आज किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आया। अपनी मांगों को लेकर नाराज़ किसानों ने कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर स्थित पटेहरा तिराहे पर चक्का जाम कर दिया। करीब 30 मिनट तक चले इस प्रदर्शन के दौरान यातायात पूरी तरह बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्र रीठी से लगभग 40 किलोमीटर दूर बाकल संयोलो में बनाया गया है, जिससे उन्हें अपनी उपज बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी किसानों ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उसी चेतावनी के तहत किसानों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई। प्रशासन ने किसानों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए बड़ा फैसला लिया है। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे आदेश जारी करते हुए रीठी में ही खरीदी केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल किसानों का आंदोलन शांत हो गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। नया केन्द्र खुलने से किसानों फसल बेचने के लिए परेशान नहीं पड़ेगा।




## शहर में आज होगा राहगीरी डे का आयोजन

**नवभारत, कटनी।** शहर में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा की गई अनूठी पहल के तहत रविवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने राहगीरी डे का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने बताया कि इस आयोजन के तहत निर्धारित मार्ग को वाहन मुक्त रखकर नागरिकों को खुले वातावरण में योग, खेलकूद, विभिन्न फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम में योग, जुंबा, रस्सा खींच, पिट्ठू, शतरंज, कैरम, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर जैसे 25 से अधिक रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने संदेश दिया जाएगा।



## कांग्रेस ने की महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग

महिला कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के नाम भेजे पोस्टकार्ड

**नवभारत,कटनी।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के निर्देश पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौम्या रांधेलिया के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल अधिनियम लागू करो अभी करो अभियान की शुरुआत की गई। कांग्रेस नेत्री सौम्या रांधेलिया ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड से महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्ट कार्ड भेजकर महिलाओ द्वारा आरक्षण वर्तमान की 543 लोकसभा सीटों में लागू करने की मांग की जा रही है। शनिवार को मुख्य डाक घर के समक्ष महिलाओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की गई। सभी महिलाओं ने पोस्टकार्ड में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करो, अभी करो, एसटी, एस सी, ओबीसी, वर्ग की महिलाओं को आरक्षण में तत्काल शामिल किए जाने की मांग शामिल है। महिला कांग्रेस ने बताया कि देश की भाजपा सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल लाकर देश की महिलाओं के साथ धोखा करने का काम किया है, देश में एक भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि महिला आरक्षण बिल 2023 में पूर्ण बहुमत के साथ पारित हो चुका है। जिसे भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम बिल का नाम देकर लाया था जो कि परिसीमन बिल पर मुखौटा था। सरकार के झूंठ को महिला कांग्रेस देश भर में बेनकाब करेगी। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से अजय खटिक, अजय जसवानी, माया चौधरी, मीनाक्षी वल्लवी, हेमा शर्मा, मुमताज बानो, मनीषा सोलंकी, नीरा सोनी, रेणुका मीरा सिंह सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### एक नजर में

## स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए शहर में फीडबैक अभियान शुरू

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सिटीजन फीडबैक अभियान का प्रभावी शुभारंभ किया गया है। शहरवासियों से कहा गया है कि वे सिटीजन फीडबैक देने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें या वेबसाइट पर जाकर अपना बहुमूल्य फीडबैक अवश्य दर्ज करें। नगर निगम ने शहरवासियों से कहा है कि स्वच्छता सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें और स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नागरिकों से सरल प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके सकारात्मक उत्तर शहर की रैंकिंग को सीधे प्रभावित करेंगे। आपका एक सही और सकारात्मक फीडबैक न सिर्फ शहर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाएगा, बल्कि हर नागरिक के गौरव को भी बढ़ाएगा। इसके लिए स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर डिजिटल माध्यम से फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही कॉल के माध्यम से भी फीडबैक देने का अवसर मिलेगा। नगर निगम द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। प्रमुख सड़कों, बाजारों, आवासीय क्षेत्रों सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्वच्छता को एक जनभागीदारी अभियान बनाया जा सके। नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों से कहा गया है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सकारात्मक फीडबैक देकर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय दें। नगर निगम के अधिकारियों कहा है कि हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और राष्ट्रीय स्तर पर शहर गौरवन्वित हो। सभी से सहयोग के लिए कहा गया है।

## प्राथमिकता से करें कर्मचारियों की समस्या का समाधान

नगर निगम में आयोजित किया गया समाधान शिविर

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए शिविर में निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों के 11 आवेदनों सहित मौखिक शिकायतों पर सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। शिविर में पेंशन भुगतान, समयमान वेतनमान, जीपीएफ, सीपीएफ, ईपीएफ, एरियस सेवा संबंधी मुद्दों पर सुनवाई की गई। निगमायुक्त ने कर्मचारियों के सभी मामलों में संबंधित विभाग प्रमुखों को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है। शिविर में उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि 15 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष पेंशन के प्रकरण शासन स्तर पर लंबित है। जिसपर निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में दस्तावेजों के अभाव में भोपाल स्तर पर कार्रवाई लंबित है, उनमें आवेदकों को तत्काल सूचित कर आवश्यक दस्तावेज पूरे कराए जाएं। साथ ही आवश्यकतानुसार कर्मचारियों को भोपाल भेजकर लंबित मामलों का जल्द निराकरण कराया जाएगा।




## नारी शक्ति वंदन से होगा महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण

स्कूल में आयोजित किया गया व्याख्यान

**नवभारत, विजयराघवगढ़।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी और भावना का विस्तार जन-जन तक करने के लिए प्रदेश में व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शनिवार को एसीसी स्कूल कैमोर में व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की छात्रा और छात्र उपस्थित थे, व्याख्यान में उन्हें नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी गई। साथ ही आर्थिक सशक्तीकरण आर्थिक रूप से मज़बूत नारी, समृद्ध भारत, महिलाओं के सशक्तिकरण का संकल्प शिक्षा और आत्मनिर्भरता शिक्षा से स्वावलंबन, विकास की उड़ान, नेतृत्व और प्रतिनिधित्व संसद में नारी की आवाज़, देश का विकास जैसे विषयों में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभागीय योजनाएं और उनके पोषण से जुड़े जानकारी दी गई। की गई। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सुधांशु मिश्रा ने भी इस अधिनियम और उनके कानूनी अधिकार की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य सुधांशु मिश्रा, शिक्षक मिनी तिवारी, महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक श्वेता गोस्वामी, जासूम जाधव, शोभरानी बर्मन, शिवम मिश्रा, विकास रजक सहित अन्य की उपस्थित रही।




## वर्तमान समय में हर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है महिलाओं की भागीदारी

सरकारी कॉलेज में हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**नवभारत, उमरयिापान।** जिले के उमररियापान शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाज सेविका साधना चौरसिया ने कहा कि नारी सिर्फ परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रमुख शक्ति है । उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर ढीमरखेड़ा सरकारी कॉलेज से आए सहायक प्राध्यापक डॉ अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। कार्यक्रम में श्रीमती दीपिका जैन ने भी अपने विचार रखते हुए महिलाओं की शिक्षा और आत्मविश्वास को सशक्त समाज की नींव बताया । वहीं श्रीमती अभिलाषा चौरसिया, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ नीमा सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान और संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान, संगोष्ठी में लगभग 30 और संवाद कार्यक्रम में35 छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी अतिथियों और सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




## जिले में अब तक 8 हजार 902 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

दो हजार 898 किसानों से समर्थन मूल्य में की गई खरीदी

**नवभारत, कटनी।** जिले में गेहूं का उपार्जन कार्य जारी है। जिले मे 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर शुरू हुए गेहूं उपार्जन में 24 अप्रैल तक 2 हजार 898 किसानों से अब तक 8 हजार 902 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। जिले के अब तक 22 साइलो केन्द्रों में 173 किसानों से 640 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूं विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना की व्यवस्थाएं भी की गई हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपए प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूं के उपार्जन के लिए आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा गई है। किसानों से कहा गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लाएं।



## बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया फावड़े से हमला, हालत गंभीर, इलाज जारी

रीठी थाना क्षेत्र के परेवागार गांव में हुई घटना, मामला दर्ज

**नवभारत, रीठी।** जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक मामूली सी कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। यह पूरा मामला रीठी थाना क्षेत्र के परेवागार गांव का है, जहां एक बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों भाइयों के बीच किसी छोटी सी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पहले यह विवाद सामान्य कहासुनी तक सीमित था, लेकिन देखते ही देखते दोनों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने आपा खो दिया। गुस्से में आकर आरोपी भाई ने फावड़ा उठाया और अपने छोटे भाई के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इस हमले में युवक का सिर फट गया और वह बुरी तरह घायल होकर लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घायल की हालत को लेकर फिलहाल डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।



## मेमू ट्रेन में अवैध वेंडरों ने की यात्रियों से मारपीट

**नवभारत, रीठी।** कटनी से बीना जा रही मेमू ट्रेन में अवैध वेंडरों और यात्रियों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद अवैध वेंडरों ने यात्रियों पर हमला कर दिया। दो यात्रियों को गंभीर चोट आई हैं। घटना के बाद ट्रेन काफी देर तक रुकी रही और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ट्रेन कटनी से रवाना होने के कुछ ही देर बाद रीठी स्टेशन के पास दमोह के यात्रियों और सलैया के अवैध वेंडरों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि विवाद के दौरान वेंडरों ने धारदार हथियारों से यात्रियों पर हमला कर दिया, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन जब बकलेहटा स्टेशन पहुंची तो नाराज यात्रियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ यात्री इंजन में घुसने की कोशिश करने लगे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। हालात को देखते हुए लोको पायलट ने ट्रेन रोककर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मामले की जांच की जा रही है।



## भराभरा आश्रम में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान क्षेत्र अंतर्गत भरभरा आश्रम में जानकी नवमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। संत बनवारीदास जी महाराज के सानिध्य में रामायण के सुंदरकांड के 108 पाठ क्षेत्र के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के दौरान पूरे आश्रम परिसर में भक्ति भाव का वातावरण बना रहा। सुंदरकांड पाठ के साथ भगवान श्रीराम और माता सीता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर इस धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बने। अनुष्ठान के उपरांत ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और उन्हें दक्षिणा देकर ससम्मान विदा किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आश्रम परिवार और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन के दौरान पूरा महौल धर्ममय हो गया। श्रद्धालू भाव विभोर हो गए।

समीक्षा — पशुपालन विभाग की समितियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिया दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर

## पशुओं के पंजीकरण, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की कराई जाएगी डिजिटल एंट्री

**नवभारत, कटनी।** पशुपालन डेयरी विभाग की क्षीरधारा समन्वय समिति, नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन, जिला गोपालन गौसंवर्धन समिति, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति और जिला रोगी पशु कल्याण समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि पशुपालकों का आधारभूत सर्वेक्षण, पशुओं का शत-प्रतिशत टैगिंग और बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नियमित टीकाकरण सहित चारागाह विकास और पशु अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन के लिए पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, कृषि किसान कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों से समन्वय कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने क्षीरधारा ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाया जाए। क्षीरधारा योजना के प्रथम चरण में 75 ग्रामों का चयन किया गया है, जिनमें वृंदावन ग्राम और वन विभाग से सटे 12 गांव शामिल हैं। नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन के तहत अब पशुपालन की समस्त गतिविधियों जैसे पंजीकरण, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की डिजिटल एंट्री की जाएगी। कलेक्टर ने सभी पशु चिकित्सालयों और औषधालयों की मैपिंग करने और नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार ने बताया कि 20 पशुओं तक की इकाई को चिन्हित चारागाह क्षेत्रों में नि:शुल्क चराई की सुविधा है। कुछ नए क्षेत्र और चिन्हित किए जाएगें। इसके साथ ही उन्होंने वन क्षेत्रों में संक्रामक और जूनोटिक बीमारियों को रोकने के लिए पशुओं के साथ-साथ कुत्तों के लिए भी रेबीज और केनाइन डिस्टेंपर टीकाकरण का सुझाव दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरिसिमरन कौर ने स्व-सहायता समूहों, ग्राम सचिवों और कृषि सखियों के बीच समन्वय बनाकर वृंदावन ग्रामों में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग की कृषि सखियों को पशुपालन विभाग की पशु सखियों और मैत्री कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर चारागाह विकास, पशु अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में गौशालाओं के लिए अनुदान राशि का अनुमोदन किया गया। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए गौशालाओं में अतिरिक्त गौवंश रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, उपसंचालक कृषि अरुणिमा सेन आयंगर, उपसंचालक पशुपालन डॉ आरके सोनी, सिविल सर्जन डॉ सुमंत वर्मा, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित पुलिस, लोक निर्माण विभाग और मंडी के अधिकारी उपस्थित रहे।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED


डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।


डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024